# बिजली के लाभ

बिजली आज के युग में हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन चुकी है | इसके बिना हमारा जीवन निरर्थक – सा प्रतीत होता है | इसमें ऐसी चमत्कारिक शक्ति है जिससे हमारा दैनिक जीवन बहुत प्रभावित हुआ है | यहाँ तक कि इसके बिना हमारे उद्योग – धन्धे तथा कृषि भी प्रभावित हुए बिना नही रह गए है | विद्युत द्वारा चलने वाले नलकूपों से खेतो में सिंचाई भी सुगम हो गई है |

इसके विपरीत यदि हम कल्पना करे कि आज बिजली न होती तो हमारा जीवन कैसा होता ? यह सोचकर ही हमे एक-भय सा लगता है कि हम कितनी परेशानियों से गुजर रहे होते | गर्मी के दिनों में बिजली न होती तो, न तो पंखे चलते, न कूलर और न ही एयर-कंडिशनर(वातानुकूलित) चलते | गर्मी से हमारा बुरा हाल होता | सर्दी के दिनों में रोशनी के बिना अँधेरा तो होता ही , साथ ही गीजर के बिना पानी गर्म नही होता तथा हम अपना कमरा भी गर्म नही कर पाते | विद्दार्थियो के लिए तो परीक्षा के दिनों में यह एक अभिशाप – सी बन जाती | वे अपनी परीक्षा की तैयारी भली-भांति नही कर पाते |

इसके अतिरिक्त बिजली के बिना कारखानों की गति मन्द पड़ जाती | कृषि का उत्पादन भी प्रभावित होता | ट्यूब – बैल न चल पाने से खेतो की सिंचाई बहुत महंगी पडती जिससे हमारे उत्पादन में कमी आती | इसके बिना एक्सरे , कैट-स्कैन व् अल्ट्रासाउंड जैसे अनेको यंत्र जो बिलजी से चलाए जाते है , न चलाए जाने पर हमे अनेक रोगों के इलाज में कठिनाई होती | बिजली ने जो हमे अन्य बहुत से सुविधाए प्रदान की है जैसे रेडियो, टेलीविजन, टेलीग्राम , बेतार का तार आदि इनसे हम वंचित रह जाते | यहाँ तक कि इसके द्वारा जो अनेको तीव्रगामी यातायात के साधन जैसे ट्रामे , रेले आदि चलाई जाती है, नही चल पाती, जिससे हमारा जीवन बहुत धीमी गति से चल रहा होता | इनके अतिरिक्त अन्य अनेको सुविधाए जैसे कैमरों द्वारा फोटो नही खीचे जाते, फोटोस्टेट न होने पर हमारे अनेको कामो में बाधा पडती | इस तरह यह जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी बन चुकी है, इसके बिना जीवन बड़ा दूभर हो जाता |

संक्षेप में हम यह कह सकते है कि विद्दुत जो आज के युग की बहुत ही आश्चर्यजनक व लाभकारी खोज है यदि यह न होती तो हमारा जीवन बड़ा ही भयावह, निरर्थक तथा कष्टदायक होता |